प्रेषक,

**दुर्गा शक्ति नागपाल**,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

**कुलसचिव,**
अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

**चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4** **लखनऊः दिनांक** 17 **मार्च, 2023**

**विषयः**-वर्ष 2023-24 हेतु नर्सिंग पाठ्यक्रमों (बी0एससी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एससी0 नर्सिंग/एम0एससी0 नर्सिंग) व पैरामेडिकल स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा, काउंसिलिंग तथा शैक्षणिक कैलेण्डर घोषित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3170/कुलसचिव/अ0बि0वा0चि0वि0/2023 दिनांक-27.02.2023 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

**2-** इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्ष 2023-24 हेतु नर्सिंग पाठ्यक्रमों (बी0एससी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एससी0 नर्सिंग/एम0एससी0 नर्सिंग) व पैरामेडिकल स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक कैलेण्डर के संदर्भ में निम्नवत निर्णय लिया गया है:-

(1) नर्सिंग पाठ्यक्रमों (बी0एससी0 नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी0एससी0 नर्सिंग/एम0एससी0 नर्सिंग) एवं पैरामेडिकल स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा 14 मई, 2023 से 18 जून, 2023 के मध्य करायी जाय।

(2) उपरोक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग माह जुलाई/अगस्त, 2023 तक पूर्ण करायी जाय।

(3) उपरोक्त पाठ्यक्रमों की कक्षायें अगस्त/सितम्बर, 2023 से प्रारम्भ करायी जायं।

**3-** उक्त के अतिरिक्त मुझे यह भी अवगत कराने का निदेश हुआ है कि प्रवेश परीक्षा एवं काउिसलिंग कराये जाने के संबंध में निम्नवत निर्णय लिया गया है:-

(1) शैक्षणिक सत्र-2023-24 हेतु एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0, लखनऊ/किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ/डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ/उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा/राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा/राजकीय एवं निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों एवं अन्य संस्थाओं की बी0एससी0 नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बी0एससी0 नर्सिंग तथा एम0एससी0 नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा-Common Entrance Test (CET), अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा सम्पादित की जाय।

(2) प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंको के आधार पर तैयार की गयी मेरिट तथा उनके द्वारा प्रस्तुत विकल्प के आधार पर संस्थाओं के आवंटन हेतु काउंसिलिंग की कार्यवाही भी अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा सम्पन्न करायी जाय।

कृपया उपर्युक्तानुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

**(दुर्गा शक्ति नागपाल)**
विशेष सचिव।

Signed by दुर्गा शक्ति नागपाल
Date: 17-03-2023 17:38:37
Reason: Approved

**संख्या व दिनांक: यथोक्त।**
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
2- निदेशक, एस0जी0पी0जी0आई0एम0एस0, लखनऊ।
3- निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ।
4- निदेशक, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा।
5- कुलसचिव, उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा।
6- कुलसचिव, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7- प्रधानाचार्य, समस्त राजकीय क्षेत्र के नर्सिंग, कालेज, उ0प्र0।
8- सचिव, उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ।
9- प्रबन्धक, समस्त निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों/डीम्ड विश्वविद्यालयों/नर्सिंग संस्थान द्वारा कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
10-गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

**(आनन्द कुमार त्रिपाठी)**
उप सचिव।